# राज्यों को मिली चीनी भंडारण की सीमा तय करने की अनुमति

**नई दिल्ली।** जमाखोरी रोकने और बढ़ती कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए केंद्र सरकार ने बुधवार को राज्यों को चीनी की भंडारण सीमा तय करने की अनुमति दे दी है। खुदरा बाजार में अभी चीनी की कीमतें 40 रुपये प्रति किलो हैं।

आधिकारिक बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने चीनी की कीमतों में हालिया बढ़ोतरी के मद्देनजर इसे भंडारण सीमा के दायरे में लाने की अनुमति दे दी है। सरकार ने यह देखा कि चीनी मिलों में पर्याप्त उपलब्धता के बावजूद थोक और खुदरा बाजारों में चीनी की कीमतों में बढ़ोतरी हो रही है। बयान में कहा गया है कि केंद्र सरकार के इस निर्णय से राज्य और केंद्रीय एजेंसियां भंडारण की सीमा तय कर सकेंगी। साथ ही चीनी की आपूर्ति, वितरण, भंडारण और कारोबार का नियमन करते हुए कीमतें घटा कर उचित स्तर पर ला सकेंगी। इससे अवैध कारोबार पर अंकुश लगेगा। एजेंसी